हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026
[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

RERA No.: PCGRERA040925001965

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

A Project by:

Swarna Shikhar
3BHK SPLENDID APARTMENTS

घर का सपना सच करें
द ग्रैंड लक्जरी लिविंग एक्सपीरियंस
आपका इंतजार कर रहा है



ऊंचाई सिर्फ इमारत की नहीं होती
ऊंचाई तो उन सपनों की होती है
जो परिवार के साथ पूरे होते है

स्वर्ण शिखर
साईट एड्रेस
डीएलएस कॉलेज रोड, अशोक नगर,
सरकंडा बिलासपुर











Podium Garden | Plunge Pool | Decorative Entrance | Walking Track | Children's Play Area | 24x7 Water | Power Backup | Fire Safety | Lift | CCTV

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

Red. Office: Behind High Court,
Chhatalund Road, Bilaspur (C.G.)

Contact for Site Visit & Booking:
6264883066, 7470886613

Website: dctrealestate.in

MODERN LIFESTYLE | PRIME LOCATION | TRUSTED DEVELOPER

खबर संक्षेप

विधायक ने नव निर्मितत महतारी सदन भवन का किया लोकार्पण

कुसमी। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने नव निर्मित महतारी सदन भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत द्वारा उपस्थित लोगों एवं समूह के दीदियों को बताया कि यह भवन आप लोगों के लिए बना है। आप लोगों को बैठक करने हेतु इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। केंद्र एवं की भाजपा सरकार एवं राज्य की विष्णु देव की सरकार आप सभी को समूह के माध्यम से लोन दिलाकर आगे बढ़ने की रास्ता को आसान कर दिया है। , बैंक से लोन लेकर आप सभी लोग छोटा छोटा व्यवसाय कर अपना जीवन यापन अच्छे से कर सकते है। कार्यक्रम का सफल संचालन अमरेश यादव द्वारा किया गया। साथ ही विधायक सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा बीटीआई कार्यालय एवं महतारी सदन भवन में दोनों जगह फलदार पौधारोपण किया। इस दौरान अशोक सोनी, आनंद जायसवाल, शशि टोप्पो, जन्मजय सिंह, केदार गुप्ता, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राकेश भारती, माधुरी लकड़ा, अर्जुन यादव, महेंद्र यादव, राजेश्वर गुप्ता, इंद्र देव निकुंज, देव साय भगत, सीजे प्रजापति, राजेश्वर यादव, लल्लू यादव, पारस पाल, रमेश भगत, अभिषेक गुप्ता मनोज गुप्ता, डॉ. महेंद्र सिंह मरकाम सहित अन्य मौजूद रहे।

बरियों में महतारी सदन का लोकार्पण, विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने छठ घाट में किया श्रमदान

बलरामपुर। सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने ग्राम बरियों में महतारी सदन का लोकार्पण कर इसे ग्रामीणों को समर्पित किया। महतारी सदन से महिलाओं एवं समुदाय को स्थानीय स्तर पर आवश्यक सुविधाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल का संदेश दिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सेवा संकल्प अभियान की स्वच्छता ही सेवा गतिविधि के तहत छठ घाट में सामूहिक श्रमदान किया गया। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर घाट परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी



रामचन्द्रपुर। शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक नमोः गाथा की प्रस्तुति ग्राम पंचायत भवन विशुनपुर में दी गयी। कार्यक्रम में छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से नममि गंगे योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल घर योजना, उज्जवला योजना, अग्निवीर योजना, पीएम सूर्यघर योजना, 112 योजना, भारत माला योजना, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पूर्व छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय से रैली कार्यक्रम स्थल तक रैली निकाली। अभियान के नोडल डॉ.गुलशन केरकेट्टा ने बताया कि सेवा संकल्प के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रंगोली प्रतियोगिता और केंद्र सरकार की योजनाओं से ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों को अवगत कराया गया।

पृष्ठ 3 का शेष

पाकरगांव हादसाः मजिस्ट्रियल...

उपचार में किसी प्रकार की कमी न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।
कलेक्टर ने किया जांच दल गठित- पाकरगांव दुर्घटना के संबंध में कलेक्टर रोहित व्यास ने अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव की अध्यक्षता में जांच दल का गठन किया है। जांच दल में संभागीय अभियंता छग राज्य विद्युत कंपनी कुनकुरी, कार्यपालन अभियंता, छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी जशपुर एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जशपुर को सदस्य बनाया गया है। जांच दल द्वारा दुर्घटना के वास्तविक कारणों, 33/11 केव्ही विद्युत लाइन शिफ्टिंग कार्य हेतु जारी परमिट एवं संबंधित अभिलेखों, कार्यस्थल पर विद्युत सुरक्षा संबंधी निर्धारित प्रक्रिया एवं सावधानियों के पालन, संबंधित विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों तथा ठेकेदार की भूमिका एवं उत्तरदायित्व, लापरवाही अथवा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में जिम्मेदारी निर्धारण, मृत एवं घायल श्रमिकों से संबंधित विवरण एवं उनके परिवारों को उपलब्ध सहायता, मुआवजे की स्थिति तथा भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक सुझावों के संबंध में जांच की जाएगी। जांच अधिकारी आवश्यकतानुसार संबंधितों के बयान दर्ज कर तथा अभिलेखों का परीक्षण कर तथ्यात्मक एवं स्पष्ट जांच प्रतिवेदन 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

बच्चों में अच्छी शिक्षा...

में जनपद पंचायत फरसाबहार के ग्राम पंचायत जामटोली के आश्रित मुहल्ले कोरवाटोली में आयोजित विद्यादान,शिक्षा सहयोग कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम का आयोजन सेवा संकल्प अभियान के अंर्तगत किया गया था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोरवा बस्ती पहुंची कौशल्या साय का स्थानीय रहवासियों ने गाजे बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। हाई स्कूल भवन के अंतिरिक्त कक्ष में माता सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर, मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कोरवा बच्चों को स्कूल बैग,पेन और टी शर्ट भेंट करने के साथ उन्हें न्यौता भोज के अंर्तगत भोजन कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कौशल्या साय ने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र साधन है जिससे देश और समाज के भविष्य को संवारा जा सकता है। उन्होनें कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार के बीज बोना भी आवश्यक है।

लोगों की भीड़ और वाहनों के आने जाने से पढ़ाई पर पड़ रहा असर

स्कूल परिसर में धान खरीदी केंद्र खोल देने से बढ़ी बच्चों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवटी/प्रतापपुर

शिक्षा के मंदिर में जहां बच्चों की पढ़ाई और खेलकूद की गतिविधियां होनी चाहिए, वहां धान खरीदी केंद्र संचालित होने से विद्यार्थियों को न सिर्फ कई तहर की परेशानियों का सामना करना पड़ता है बल्कि इसका असर बच्चों के पढ़ाई पर भी पड़ता है। कुछ इस तरह की स्थिति रेवटी डांडकरवा में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं मिडिल स्कूल छिरमहुआ की है। जहां स्कूल परिसर में सहकारी सेवा समिति द्वारा धान खरीदी केंद्र बनाया गया है। धान खरीदी केंद्र बनाए जाने से अब स्कूल में पढ़ाई करने वाले करीब 600 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं प्रभावित होने लगी है और अभिभावक और ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

खास बात
- एक हैंडपंप होने से पेयजल की समस्या

रेवटी डांडकरवा में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं छिरमहुआ मिडिल स्कूल संयुक्त रूप से संचालित है। विद्यालय में लगभग 6 छात्र छात्राएं पढ़ाई करते है। इसी बीच स्कूल परिसर में में सहकारी सेवा समिति द्वारा धान खरीदी केंद्र बनाया गया है। धान खरीदी केंद्र में दिनभर ट्रैक्टर-ट्रॉली, हम्माल, किसानों और वाहन चालकों की आवाजाही बनी रहती है। विद्यालय परिसर में बाहरी लोगों की भीड़ के कारण शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होने का आरोप पालकों और ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार धान खरीदी के दौरान विवाद और गाली-गलौज जैसी स्थिति भी निर्मित होती है, जिससे कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है जिसे लेकर अभिभावक चिंतित है। अभिभावक व ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय परिसर को धान खरीदी केंद्र के लिए उपयोग करने के बजाय इसके लिए कोई वैकल्पिक स्थान निर्धारित किया जाना चाहिए, ताकि बच्चों की पढ़ाई, पेयजल व्यवस्था, खेलकूद और सुरक्षा प्रभावित न हो। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द विद्यालय परिसर से धान खरीदी केंद्र हटाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन और चक्काजाम जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे।



एक हैंडपंप के भरोसे करीब 600 विद्यार्थी

विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार पूरे परिसर में फिलहाल एक ही हैंडपंप है, जिसका उपयोग विद्यार्थियों के साथ धान खरीदी केंद्र में आने वाले हम्माल और वाहन चालक भी करते हैं। इससे बच्चों को पानी पीने के लिए कतार में लगना पड़ता है। हैंडपंप के आसपास गंदगी और धूल के कारण स्वच्छता को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

खेल मैदान में खड़ी रहती हैं ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

धान खरीदी केंद्र के चलते विद्यालय का खेल मैदान भी प्रभावित हो रहा है। मैदान में धान की बोरियां, तौल कांटे और ट्रैक्टर-ट्रालियां खड़ी रहने से विद्यार्थियों के लिए खेलकूद की गतिविधियां बाधित हैं। स्कूल समय में भारी वाहनों की आवाजाही से बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी पालकों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि अवकाश के दौरान बच्चों के मैदान में जाने पर किसी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

बनाई जाएगी व्यवस्था

स्कूल परिसर में धान खरीदी केन्द्र संचालित है वहा व्यवस्था बनाने हेतु उपाय किया जाएगा। समस्या के आधार पर जांच कर व्यवस्था सुधार करने की कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही मौके पर निरीक्षण किया जाएगा।
-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

विकसित भारत पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सेवा संकल्प अभियान के तहत मेरे सपनों का भारत-विकसित भारत विषय पर विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन शा स की य बा ल क उ च्च त र माध्यमिक विद्यालय रामानुजगंज के सभाकक्ष में किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड रामचंद्रपुर के अंतर्गत आने वाले 48 संकुलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल उपस्थित रहे।

- 48 संकुलों के छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विकसित भारत 2047 की परिकल्पना, देश के भविष्य, विकास, शिक्षा, तकनीकी एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों को चित्रों और भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और विचारों के माध्यम से विकसित भारत के सपने को सामने रखा। प्रतियोगिता के दौरान चित्रकला एवं भाषण विधा में जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागियों को नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं विकासखंड स्तर पर प्रतिभागियों को पेन एवं मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की क्षमता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों ने भी आयोजन को लेकर उत्साह व्यक्त किया। इस दौरान जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, कन्हैया लाल अग्रवाल, सीताराम गुप्ता, शैलेश गुप्ता, विकास गुप्ता,अरुण केसरी सहित अन्य उपस्थित थे।





सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता

कुसमी। सेवा संकल्प अभियान के तहत सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में विकासखंड स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के तहत विकासखंड स्तर के सभी छात्र छात्राओं द्वारा द्वारा एक से एक मनमोहक चित्रकला के साथ साथ भाषण प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत स्तर एवं नगर पंचायत स्तर के सभी बालक बालिकाओं को चित्रकला एवं भाषण का आयोजन कराते हुए प्रत्येक विद्यालय से 2-2 छात्र छात्राओं को चुनकर विकासखंड स्तर पर यह आयोजन किया जा रहा है, विकासखंड स्तर पर चयन होने के बाद जिला स्तर पर 3 अक्टूबर को इस प्रतियोगिता को आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन करते हुए सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक दीपक सिन्हा द्वारा किया गया।

लरंग साय की स्मृति में 2 अक्टूबर से जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

बलरामपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.लरंग साय की स्मृति में लरंग साय सेवा समिति द्वारा जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 2 अक्टूबर से किया जाएगा। प्रतियोगिता स्वं लरंग साय के गांव ग्राम पंचायत चिरई-जसवंतपुर में गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता में सनातन संत समाज के अध्यक्ष वबरूर वाहन महाराज, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल तथा पूर्व अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा के आतिथ्य में प्रारंभ होगी।

- विजेता को 1,11,111 और उपविजेता को 55,555 का पुरस्कार

साय सेवा समिति के अध्यक्ष रामलखन सिंह पैकरा ने बताया कि प्रतियोगिता में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की टीमों को शामिल किया जाएगा तथा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीम को 1,11,111 तथा उपविजेता टीम को 55.555 रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी टीम का प्रवेश शुल्क 2,100 निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 21 अक्टूबर को खेला जाएगा। आयोजन को लेकर गत दिनों ग्राम पंचायत भवन चिरई में समिति की बैठक की गई। बैठक में कोरवाराम, दयाराम, सरपंच बुधनाराम, खगेश साय, अभय पैकरा, धर्मेंद साय समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



छग किसान सभा के सम्मेलन में जिला समिति का गठन

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ किसान सभा का जिला सम्मेलन लुंड्रा के ग्राम ढूंन्दु में हुआ। अध्यक्ष दिलसाय नाग द्वारा झडोत्तोलन के पश्चात सचिव सीपी शुक्ला ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सम्मेलन में 21 सदस्यीय जिला समिति का गठन किया गया जिसमें दिलसाय नाग पुनः अध्यक्ष एवं सोनू सांडिल्य सचिव चुने गए। सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने, किसानों का कर्ज माफ करने, एमएसपी कानून को लागू करने, आगामी महीनों में धान क्रय को सुगम बनाने के संबंध में प्रस्ताव पारित किए गए।

नेत्रहीन विद्यार्थियों के बीच मनाया गया पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जय हिंद का जन्मदिन बुधवार को नेत्रहीन विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता और संवेदनशील वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने विद्यार्थियों के साथ समय बिताया, उनसे बातचीत की, जलपान किया और उनके साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य श्रीमती आनंदी एक्का ने विद्यालय की गतिविधियों, विद्यार्थियों की शिक्षा, उनकी प्रतिभाओं तथा संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए वास्तव में एक यादगार दिन रहा। जन्मदिन की खुशी यदि उन बच्चों के साथ साझा की जाए, जो जीवन की चुनौतियों के बावजूद पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तो उसका आनंद और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि आंखों की रोशनी सीमित हो सकती है, लेकिन हौसलों की रोशनी को कोई सीमा नहीं रोक सकती। जिला ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष ईश्वर सोनी ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बेहद खास और यादगार रहा। बच्चों के बीच बैठकर उनसे बातचीत करना और उनके साथ खुशी साझा करना मन को बहुत सुकून देने वाला अनुभव रहा। जिला कांग्रेस सचिव अविनाश ठाकुर ने कहा कि आज हम सभी ने महसूस किया कि खुशी बांटने से ही बढ़ती है। बच्चों ने जिस आत्मीयता के साथ स्वागत गीत गाकर हमारा स्वागत किया, वह पल हम कभी नहीं भूलेंगे। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष सुशीला भगत, अतहर अली, संतोष गोस्वामी सहित अन्य मौजूद थे।



नपं बिश्रामपुर में स्वच्छता मित्रों व दीदियों का किया गया सम्मान

बिश्रामपुर। नगर पंचायत बिश्रामपुर कार्यालय परिसर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 'स्वच्छता सफाई, सुरक्षा एवं सम्मान शिविर' का आयोजन किया गया,शिविर में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं एसएलआरएम सेंटर की स्वच्छता दीदियां शामिल हुईं।कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम के शुभारंभ का सीधा प्रसारण किया गया,इस अवसर पर नगर की साफ-सफाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वच्छता मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया,साथ ही कार्यस्थल पर व्यक्तिगत सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग की जानकारी दी गई,अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता कर्मी शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनका सम्मान करना सभी की जिम्मेदारी है,कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों ने बिश्रामपुर को स्वच्छ बनाए रखने तथा स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी

तहसील कार्यालय तक जर्जर सड़क मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

तहसील कार्यालय से गांधी चौक तक बदहाल और खुदी पड़ी सड़क की मरम्मत न होने से नाराज तहसील अधिवक्ता संघ राजपुर ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि सड़क का निर्माण कार्य तत्काल शुरू नहीं कराया गया तो 30 सितंबर को व्यवहार न्यायालय के सामने दोपहर 2 बजे चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। अधिवक्ता संघ के अनुसार तहसील कार्यालय से गांधी चौक तक सड़क निर्माण के नाम पर ठेकेदार द्वारा मार्ग को लापरवाहीपूर्वक खोदकर छोड़ दिया गया है। इस अत्यंत जर्जर मार्ग को बनवाने के लिए संघ ने पूर्व में 9 सितंबर को भी एसडीएम को ज्ञापन देकर आग्रह किया था किंतु अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसी मुख्य मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (अस्पताल) एवं व्यवहार न्यायालय स्थित हैं। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और धूल के कारण रोजाना आने-जाने वाले मरीजों, आम नागरिकों, अधिवक्ताओं और न्यायालयीन पक्षकारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील से न्यायालय के बीच आवागमन में लगातार बाधा उत्पन्न हो रही है। अधिवक्ता संघ ने मांग की है कि व्यवहार न्यायालय से लेकर तहसील कार्यालय तक लगभग 200 मीटर से कम दूरी का निर्माण कार्य तुरंत शुरू कर अविलंब पूरा किया जाए। गांधी चौक अथवा पानी टंकी तक के पूरे हिस्से की सड़क का निर्माण कार्य भी बिना देरी के कराया जाए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जय गोपाल अग्रवाल एवं सचिव सुनील सिंह ने बताया कि संघ विवश होकर आंदोलन का रास्ता चुन रहा है। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बलरामपुर तथा थाना प्रभारी राजपुर को भी आवश्यक कार्रवाई व सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रेषित की गई है।



राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में 6 विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

खेल के मैदान में ग्रामीण अंचल के युवाओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत का परचम लहराते हुए क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। दंतेवाड़ा में शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 26 एवं 27 सितंबर को आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में सूरजपुर सेक्टर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सूरजपुर सेक्टर की इस ऐतिहासिक सफलता में शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर के 6 विद्यार्थियों की मुख्य भूमिका रही। इन खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन तालमेल और रणनीति के बल पर न केवल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि अपने महाविद्यालय और जिले को प्रदेश स्तर पर एक नई पहचान भी दिलाई। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि से पूरे प्रेमनगर महाविद्यालय परिवार और स्थानीय खेल प्रेमियों में अपार हर्ष और गौरव का वातावरण है।

- सूरजपुर सेक्टर ने जीता तृतीय स्थान

राज्य स्तर के इस प्रतिष्ठित आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न संभागों एवं जिलों से आई कुल 12 उत्कृष्ट टीमों ने भाग लिया था। दंतेवाड़ा के मुख्य मंच तक पहुँचने से पूर्व सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में प्रेमनगर महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय को शिकस्त दी थी और सूरजपुर सेक्टर की ओर से राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करने की पात्रता हासिल की थी। इस जीत के बाद खिलाड़ियों के हौसले बुलंद थे और उन्होंने दंतेवाड़ा की स्पर्धा में भी अपनी इसी लय को बरकरार रखा। दंतेवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में सूरजपुर सेक्टर का सामना कोरबा सेक्टर की टीम से हुआ। मैच की शुरुआत से ही सूरजपुर के खिलाड़ियों ने रेडिंग और डिफेंस में बेहतरीन संतुलन बनाए रखा और आक्रामक रणनीति अपनाते हुए कोरबा को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में सूरजपुर का मुकाबला बस्तर सेक्टर के साथ हुआ। बेहद कड़े और रोमांचक मुकाबले में सूरजपुर के खिलाड़ियों ने धैर्य, अनुशासन और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए बस्तर को मात दी और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। सेमीफाइनल मुकाबले में सूरजपुर का सामना रायपुर सेक्टर की मजबूत टीम से हुआ, जहां दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। सूरजपुर के खिलाड़ियों ने मुकाबला जीतने के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन रायपुर की टीम ने 40-24 के अंतर से जीत हासिल की। सेमीफाइनल की हार के बाद भी खिलाड़ियों का मनोबल कम नहीं हुआ और उन्होंने तृतीय स्थान के लिए हुए मुकाबले में बलौदाबाजार सेक्टर के खिलाफ दोगुने उत्साह से मैदान में वापसी की। इस मैच में सूरजपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए बलौदाबाजार को करारी शिकस्त दी।





अभा यादव महासभा के राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर शिक्षा मंत्री से मिले समाज के प्रतिनिधि

राजपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रस्तावित राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर समाज के प्रतिनिधियों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर आयोजन की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर चर्चा की। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राजपुर निवासी राजेश कुमार यादव ने बताया कि नवंबर माह में महासभा का राष्ट्रीय सम्मेलन दुर्ग जिले में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। सम्मेलन में बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों से समाज के पदाधिकारी शामिल होंगे।

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री

4

बादलखोल अभयारण्य में साल की अवैध लकड़ी की बड़ी खेप जब्त



खबर संक्षेप

जिले में स्वास्थ्यकर्मियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम



जशपुरनगर। बच्चों में बढ़ते मधुमेह, विशेषकर टाइप-1 डायबिटीज यानी बाल मधुमेह की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार, नियमित फॉलोअप तथा समुदाय स्तर पर जागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग जशपुर एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 28 से 30 सितंबर 2026 तक तीन दिवसीय (एक सत्र) उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के चार विकासखंडों बगीचा, कांसाबेल, पत्थलगांव, फरसाबहार से 400 से ज्यादा कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण को चरणबद्ध रूप से आयोजित किया गया, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मितानिन कार्यक्रम से जुड़े जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक एवं मितानिन प्रशिक्षक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल हुईं। उन्मुखीकरण कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जशपुर डॉ. घनश्याम सिंह जात्रा, मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम को जिला एनसीडी सलाहकार डॉ. रूपा प्रधान द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में एवं तकनीकी सहायता से आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

संविदा पदों के लिए कौशल दक्षता परीक्षा 13 व 14 को

जशपुरनगर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति, जिला जशपुर के अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर भर्ती के लिए कौशल दक्षता परीक्षा 13 एवं 14 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। इसके लिए वरीयता सूची एवं कौशल दक्षता परीक्षा सूची जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

सीएम ने जताया दुःख, परिजन को मिलेगी 15-15 लाख की आर्थिक सहायता

पाकरगांव हादसा: मजिस्ट्रियल जांच के बाद दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्राम पंचायत पाकरगांव में बिजली पोल शिफ्टिंग के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में दो श्रमिकों की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। हादसे में जान गंवाने वाले दोनों श्रमिकों के परिजनों को 15-15 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे के कारणों और


एनएच-43 पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

बिजली पोल शिफ्टिंग के दौरान दो मजदूरों की मौत के बाद बवाल

इसके लिए जिम्मेदार लोगों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए तथा जांच में जो भी दोषी पाया जाए, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने घटना में प्रथम दृष्टया सामने आई लापरवाही को गंभीरता से लेते तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत संबंधी कार्यों के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों और प्रक्रियाओं का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। श्रमिकों की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं है और लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला प्रशासन को पीड़ित परिवारों को हर आवश्यक सहायता तत्परता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हादसे में घायल श्रमिकों के समुचित उपचार की बेहतर से बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उनके ⏭ शेष पेज 2 पर

कनिष्ठ अभियंता बेक निलंबित

छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूसन कंपनी लिमिटेड कुनकुरी के अधीक्षण अभियंता वृत ने कनिष्ठ अभियंता वितरण केन्द्र पत्थलगांव अमृत बेक के द्वारा अपने कार्य के दौरान लापरवाही बरतने के कारण 29 सितंबर को संभाग के ग्राम पाकरगांव में हुई विद्युत दुर्घटना में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान कम्पनी के नियमानुसार अनुज्ञेय जीवन निर्वाह भत्ता देय होगी। इस आदेश के प्रभावशीलता के दौरान अमृत बेक कनिष्ठ अभियंता का मुख्यालय तत्काल प्रभाव से कार्यालय कार्यपालन अभियंता संभाग जशपुर में किया गया है।

विद्यार्थियों को मिला कैरियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन



लुड़ेग, पत्थलगांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुडेग में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, ज्ञानवर्धन एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में विद्यादान एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स से आशीष अग्रवाल, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, एसएमसी के अध्यक्ष एवं सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यादान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल द्वारा छात्र-छात्राओं को उपयोगी पुस्तकों का वितरण किया गया। अतिथियों ने कहा कि किसी विद्यार्थी को पुस्तक प्रदान करना केवल एक पुस्तक देना नहीं, बल्कि उसके ज्ञान और भविष्य के निर्माण में योगदान देना है। पुस्तकें विद्यार्थियों की सोच को व्यापक बनाती हैं तथा उन्हीं नई जानकारी और नए अवसरों से परिचित कराती हैं। कार्यक्रम में

- लुडेग में विद्यादान एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम
- अतिथियों ने किया पुस्तकों का वितरण

उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने तथा अपने विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, एसएमसी सदस्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में शिक्षा और सेवा से जुड़ी सकारात्मक गतिविधियों को आगे भी निरंतर जारी रखने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं कैरियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

बच्चों में अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार का होना आवश्यक: कौशल्या

जशपुरनगर। बच्चे देश के भविष्य होते हैं। इन्हें अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार देना हम सबका सामाजिक उत्तरदायित्व है। इसलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्तामूलक सुधार की दिशा में तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने उक्त बातें कही। वे मुख्य अतिथि के रूप ⏭ शेष पेज 2 पर

- कोरवाटोली में आयोजित सेवा संकल्प कार्यक्रम में हुई शामिल
- कोरवा बच्चों को स्कूल बैग, पेन व टीशर्ट किया भेंट



फलदार पौधों का किया रोपण

कार्यक्रम के दौरान कौशल्या साय ने कोरवाटोली में आम व अमरूद जैसे फलदार पौधों का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से पौधों की देखरेख करने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के लिए बेहतर पर्यावरण का होना आवश्यक है। वृक्ष हमें फलों के साथ जीवनदायिनी आक्सीजन भी देते हैं।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में डीडीसी वेदप्रकाश भगत,बुकेश भगत,कौशल्या यादव, घनश्या यादव,बलराम भगत, राधिका पैंकरा, चंपावती,केशव चैहान, योगेश मिश्रा,सुमति चैहान, संमति मांझी, कुंवर साय,जयप्रकाश यादव, राकेश सिंह, देवकुमार, प्रियांश भगत, चितरंजन साय, कैलाश साय, मनोज रात्रे, भक्तो यादव, गजाधर भोय, कुंवर यादव, जनपद पंचायत के सीईओ मिथिलेस साय पैंकरा, बीईओ सीआर भगत उपस्थित थे।

पति से विवाद के बाद घर से निकली महिला, नहीं मिला सुराग

अम्बिकापुर। शहर के सदर रोड क्षेत्र से 39 वर्षीय महिला के लापता होने के मामले में उसके भाई ने थाने में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार अनामिका का विवाह वर्ष 2010 में शशिकांत केशरी से हुआ था। बताया जा रहा है कि शादी के बाद पारिवारिक मामलों को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। 28 सितंबर की शाम करीब 5 बजे परिवार के लोगों को फोन के माध्यम से जानकारी मिली की अनामिका और उसके पति के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद अनामिका गुस्से में अपने कपड़े और कुछ पैसे लेकर घर से निकल गई।



खबर संक्षेप

ग्राम पंचायत बम्बा में हुआ वृहद पौधारोपण

जशपुरनगर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत बगीचा के ग्राम पंचायत बम्बा में 30 सितम्बर को वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और आमजनों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। पौधारोपण कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष, डीडीसी, बीडीसी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर जनपद पंचायत कार्यालय एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सामूहिक भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

जशपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेला संपन्न



जशपुरनगर। जशपुर स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में विगत दिवस संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का उद्देश्य युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। रोजगार मेले में विभिन्न निजी प्रतिष्ठानों एवं नियोजकों द्वारा सहभागिता करते हुए युवाओं को रोजगार के विभिन्न अवसरों से अवगत कराया गया। मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार के साथ-साथ अपने कौशल के अनुरूप बेहतर कैरियर विकल्प चुनने की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री गंगा राम भगत की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर उप संचालक रोजगार एसपी त्रिपाठी, रोजगार अधिकारी अंबिकापुर ललित पटेल, रोजगार अधिकारी सूरजपुर चारू चित्रा साय, रोजगार अधिकारी बलरामपुर दिवाकर तांडिया, कौशल विकास के सहायक संचालक प्रकाश यादव तथा आईटीआई से आशीष पन्ना सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रोजगार मेले के आयोजन से जिले एवं संभाग के युवाओं को रोजगार के उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्राप्त हुई और निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के लिए उन्हें एक प्रभावी मंच उपलब्ध हुआ।

नन्ही प्रतिभा ने बढ़ाया विकासखंड का मान

जशपुरनगर। जिला प्रशासन जशपुर एवं ओपन लिंक्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामुदायिक भवन, जशपुर नगर में आयोजित "नन्हे सितारे 2026" जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय प्राथमिक शाला पैकू की कक्षा पहली की छात्रा आलिया ने कहानी विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आलिया ने "भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महान समाजसेविका सावित्रीबाई फुले की जीवन गाथा" विषय पर अपनी कहानी प्रस्तुत की। नन्ही आलिया ने सावित्रीबाई फुले के संघर्ष, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और समाज सेवा की प्रेरणादायक जीवन यात्रा को आत्मविश्वास एवं सुंदर भाव-अभिव्यक्ति के साथ मंच पर प्रस्तुत किया। आलिया ने इससे पहले विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर के लिए अपना स्थान बनाया था। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रस्तुति के आधार पर उसे प्रथम स्थान प्रदान करते हुए ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।



ट्रैक्टर और तस्करों के फरार होने पर उठे सवाल

बादलखोल अभयारण्य में साल की अवैध लकड़ी की बड़ी खेप जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बादलखोल अभ्यारण्य क्षेत्र में अवैध कटाई और इमारती लकड़ी की तस्करी का मामला एक बार फिर सामने आया है। जिले के एकमात्र अभ्यारण्य क्षेत्र में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए साल की बहुमूल्य इमारती लकड़ी की बड़ी खेप जब्त की है। जब्त लकड़ी में 22 नग साल के चौखट और 4 चिरान पटरा शामिल हैं। बरामद लकड़ी की बाजार कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। हालांकि, इस मामले में लकड़ी कहां से काटी गई, इसे किसके द्वारा लाया गया और मौके से ट्रैक्टर कैसे फरार हुआ, इसे लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार साहीडांड़ क्षेत्र के डिप्टी रेंजर और नाकेदार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर में अवैध रूप से साल की इमारती लकड़ी ले जाई जा रही है। सूचना के बाद दोनों कर्मचारी सड़क पर सर्चिंग के लिए निकले और संदिग्ध ट्रैक्टर की तलाश शुरू की, लेकिन मौके पर ट्रैक्टर का पता नहीं चल सका। कुछ समय बाद धान मंडी के अंदर परिसर में इमारती लकड़ी पड़ी होने की जानकारी मिली। इसके बाद लकड़ी को वन विभाग के कैंपस में लाकर जब्त किया गया।





ट्रैक्टर चालक फरार

विभागीय कर्मचारियों के अनुसार ट्रैक्टर चालक लकड़ी को धान मंडी परिसर में डंप कर मौके से फरार हो गया। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पहले से ट्रैक्टर में अवैध लकड़ी परिवहन की सूचना विभागीय कर्मचारियों को मिल चुकी थी, तो ट्रैक्टर धान मंडी परिसर तक कैसे पहुंचा और वहां लकड़ी उतारकर बिना पकड़े कैसे निकल गया। मामले में यह भी चर्चा है कि यदि समय रहते संबंधित अधिकारियों को सूचना दी जाती और अतिरिक्त टीम को मौके पर बुलाया जाता, तो ट्रैक्टर तथा आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की कार्रवाई संभव हो सकती थी।

सूचना देने में देरी पर सवाल

इस पूरे मामले में अभ्यारण्य के गेम रेंजर को सूचना दिए जाने की प्रक्रिया भी सवालों के घेरे में है। बताया जा रहा है कि रात में लकड़ी पकड़े जाने की जानकारी गेम रेंजर को तत्काल संबंधित कर्मचारियों से नहीं मिली, बल्कि सुबह करीब साढ़े 9 बजे उन्हें किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से घटना की जानकारी मिली। इससे विभागीय स्तर पर सूचना के आदान-प्रदान को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

हो रही ट्रैक्टर की आवाजाही

डिप्टी रेंजर के अनुसार मुखबिर की सूचना पर वे और नाकेदार ट्रैक्टर के आने की प्रतीक्षा में क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, लेकिन ट्रैक्टर वहां नहीं मिला। बाद में धान मंडी परिसर में लकड़ी मिलने की बात सामने आई। इस स्थिति में यह सवाल भी उठ रहा है कि ट्रैक्टर रात के समय धान मंडी परिसर में पहुंचा, लकड़ी उतारी और फिर वहां से निकल गया, लेकिन गश्त कर रहे कर्मचारियों को इसकी भनक क्यों नहीं लगी।

पहले भी हो चुकी है घटना

बादलखोल अभ्यारण्य में अवैध कटाई का यह पहला मामला नहीं है। करीब 13 महीने पहले 12-13 अगस्त की रात अभ्यारण्य क्षेत्र में साल के बड़े पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया था। स्थानीय स्तर पर बताया गया था कि करीब 12 साल पुराने पेड़ों को इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन से काटा गया था और काटे गए पेड़ों की अनुमानित कीमत दो लाख रुपये से अधिक बताई गई थी। इस मामले में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी और जिम्मेदारी तय किए जाने को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

तंत्र की निगरानी महत्वपूर्ण

यदि कर्मचारियों की तैनाती, मुख्यालय में उपस्थिति और बीटवार जिम्मेदारियों को लेकर कोई अनियमितता है तो उच्चाधिकारी इसकी नियमित निगरानी क्यों नहीं कर रहे हैं। वन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी बनाए रखने के लिए कर्मचारियों की उपस्थिति, गश्त और सूचना तंत्र की निगरानी महत्वपूर्ण मानी जाती है।

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 4 अक्टूबर को

रायगढ़। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा का आयोजन 4 अक्टूबर को किया जाएगा। जिला रायगढ़ में परीक्षा के लिए कुल 84 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 19 हजार 92 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी। परीक्षा को सुचारू, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग सुरक्षा जांच के लिए एक पुरुष एवं एक महिला पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग केवल महिला पुलिसकर्मी द्वारा की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से कम से कम दो घंटे पहले अपने परीक्षा केन्द्र पहुंचने की सलाह दी गई हैए ताकि फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र के सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। साथ ही परीक्षार्थियों से कहा गया है कि वे परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अवलोकन अवश्य कर लें।

एकलव्य विद्यालयों के नए भवनों के निर्माण में तेजी

जशपुरनगर। जिले के आदिवासी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के नए भवनों का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर फरसाबहार एवं कांसाबेल विकासखंड के ढुढरूडांड में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के सर्वसुविधायुक्त भवनों का निर्माण किया जा रहा है। भवनों के पूर्ण होने के बाद विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ आवासीय, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कंप्यूटर, खेल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

कांसाबेल क्षेत्र में वर्तमान में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का संचालन बटाईकेला में किया जा रहा है। नए परिसर का निर्माण पूरा होने के बाद विद्यालय को विस्तृत एवं आधुनिक भवन में संचालित किया जाएगा। नए परिसर में विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कक्षाओं के साथ प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कंप्यूटर आधारित शिक्षण, छात्रावास तथा खेल गतिविधियों के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अपनी प्रतिभा और कौशल को निखारने के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का उद्देश्य दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के आदिवासी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर आवासीय एवं शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। नए भवनों के तैयार होने से विद्यार्थियों को एक ही परिसर में शिक्षा, आवास, भोजन, खेल और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों की सुविधाएं मिल सकेंगी। इससे विद्यार्थियों के लिए अध्ययन का अनुकूल वातावरण तैयार होगा और उनके शैक्षणिक, रचनात्मक एवं सह-पाठ्यचर्या कौशल के विकास को भी गति मिलेगी।



शिक्षा अधोसंरचना को मिल रही नई मजबूती

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना के विस्तार और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य हो रहे हैं। इसी क्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के नए भवनों का निर्माण महत्वपूर्ण कदम है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इन परिसरों में विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। इससे जिले के दूरस्थ अंचलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर आधार तैयार होगा।

फॉर्च्यून मैदा व जैन चुस्की चाय की बिक्री पर रोक

रायगढ़। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और आम लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए फॉर्च्यून मैदा और जैन चुस्की चाय के संबंधित बैचों की बिक्री एवं वितरण पर तत्काल रोक लगा दी है। प्रयोगशाला जांच में दोनों उत्पादों में निर्धारित मानक से अधिक कीटनाशक अवशेष पाए जाने के बाद इन्हें असुरक्षित घोषित किया गया है। विभाग ने संबंधित खाद्य कारोबारियों को बाजार में उपलब्ध प्रभावित स्टॉक को तत्काल वापस मंगाने के निर्देश दिए हैं। कार्यालय उप संचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की अभिहित अधिकारी सुधा चौधरी ने बताया कि यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में की गई है। फॉर्च्यून मैदा का निर्माण मेसर्स अनिरुद्ध फूड लिमिटेड, ग्राम करवत, चंदौली, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया है। संबंधित उत्पाद का बैच नंबर है, जिसकी निर्माण तिथि 28 फरवरी और अवसान तिथि 27 अगस्त है।

जशपुर को देश के अग्रणी पीएमडीडीकेवाई जिलों में शामिल करने बनेगी विशेष रणनीति

जशपुरनगर। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जशपुर जिले की प्रगति को और गति देने तथा जिले को देश के अग्रणी पीएमडीडीकेवाई जिलों में शामिल करने के उद्देश्य से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में विगत दिवस समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा संचालित पीएमडीडीकेवाई से संबंधित 36 योजनाओं और उनके आउटपुट इंडिकेटर की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विशेष रूप से उन योजनाओं और संकेतकों पर फोकस किया गया, जिनमें निर्धारित लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि अपेक्षाकृत कम है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ऐसे सभी आउटपुट इंडिकेटर में तेजी से सुधार के लिए विभागवार विशेष रणनीति और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे अपने निर्धारित लक्ष्य, वर्तमान उपलब्धि और शेष अंतर का स्पष्ट विश्लेषण करें। कम प्रगति वाले प्रत्येक इंडिकेटर के लिए आवश्यक गतिविधियों, बजट की आवश्यकता, अपेक्षित तकनीकी सहयोग और कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की जाए। लक्ष्य पूर्ति के लिए अतिरिक्त बजट, लक्ष्य आवंटन या अन्य संसाधनों की आवश्यकता होने पर संबंधित उच्च कार्यालय को तत्काल प्रस्ताव एवं मांग पत्र भेजने के निर्देश भी दिए गए।

- जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक
- कृषि एवं संबद्ध विभागों की 36 योजनाओं की हुई समीक्षा



विभागों के बीच समन्वय अभिसरण पर जोर

बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, जल संसाधन, ग्रामीण विकास, सहकारिता सहित अन्य संबद्ध विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए किसानों तक योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाने की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। समीक्षा के दौरान तय किया गया कि कम उपलब्धि वाले प्रत्येक आउटपुट इंडिकेटर के लिए अलग कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसमें लक्ष्य, वर्तमान उपलब्धि, शेष अंतर, आवश्यक गतिविधियां, बजट आवश्यकता, उच्च कार्यालय से अपेक्षित सहयोग और कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा स्पष्ट रूप से निर्धारित होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि पीएमडीडीकेवाई के अंतर्गत केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित न रहते हुए उनके मापनीय परिणामों और आउटपुट इंडिकेटर में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति की दिशा में प्रभावी प्रयास करें।

जुरगुम के अखरा स्थल पर कब्जे का आरोप



जशपुरनगर। ग्राम पंचायत जुरगुम के ग्रामीणों ने गांव के पारंपरिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक अखरा स्थल पर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने अधिकारियों को दिए आवेदन में कहा है कि अखरा स्थल जनजातीय समाज के लिए धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां सरहुल, करमा सहित विभिन्न धार्मिक एवं पारंपरिक आयोजन होते हैं। ग्रामीणों ने स्थल को अतिक्रमण से मुक्त रखने और कथित रूप से जारी पट्टे की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि खसरा नंबर 32 की भूमि के एक हिस्से का नाम मेंटेनेंस खसरा में दर्ज किया गया है। इसी बड़े खसरा नंबर में अखरा स्थल होने का दावा करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि अखरा के चारों ओर करीब 12 डिसमिल भूमि खाली रखने का ग्राम पंचायत स्तर पर प्रस्ताव पारित किया गया था। आरोप है कि जगती बाई, संजय, प्रमोद और शोभा भगत द्वारा अखरा स्थल की सीमा में मकान अथवा बाउंड्रीवाल निर्माण का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की कमेटी गठित कर निष्पक्ष जांच कराने, अखरा स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने और पट्टे की वैधता की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि विवाद के कारण गांव की सामाजिक एवं धार्मिक शांति प्रभावित हो रही है, इसलिए प्रशासन मामले का शीघ्र निराकरण करे।

विभिन्न परिक्षेत्रों में किया गया पौधरोपण

जशपुरनगर। पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार एवं जनभागीदारी के माध्यम से प्रकृति संरक्षण के उद्देश्य से जशपुर वनमंडल अंतर्गत विभिन्न वन परिक्षेत्रों में सेवा संकल्प अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जशपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत स्थानीय एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम जशपुर में विशेष पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने की। कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, सहित वन विभाग के कर्मचारी जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय नागरिक, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक रायमुनी भगत एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा स्टेडियम परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी एवं पौधों के संरक्षण-संवर्धन का संकल्प लिया। अपने उद्बोधन में विधायक श्रीमती भगत ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। तभी वृक्षारोपण सार्थक होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण का आधार बन सकेगा। वनमण्डलाधिकारी जशपुर ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के सभी परिक्षेत्रों में चरणबद्ध रूप से वृक्षारोपण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पौधरोपण एवं पौध संरक्षण से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा लगाए गए पौधों की देखभाल के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ ली। एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम ने खेल, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी के समन्वय का संदेश दिया।



वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान प्रतिभाओं को मिला मंच

जशपुरनगर। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग जशपुर द्वारा न्यू कम्युनिटी हॉल, बालाजी मंदिर के सामने, जशपुर में जिला स्तरीय समारोह एवं 'जशपुर सियान आइडल' फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करने के साथ उनकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया।

सियान आइडल में वरिष्ठ नागरिकों ने गायन, भाषण एवं कविता पाठ सहित विभिन्न विधाओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से भी उन्हें स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत सीईओ अभिषेख कुमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण की सुविधा दी गई तथा जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को बस पास वितरित किए गए। पुलिस विभाग ने साइबर अपराधों से बचाव तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकारों एवं विधिक सहायता की जानकारी दी। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र तथा वरिष्ठ नागरिकों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।



जनप्रतिनिधियों ने योजनाओं का लाभ लेने किया प्रेरित

नारायणपुर के सेवा सेतु शिविर में 53 आवेदन निराकृत

जशपुरनगर। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और विभागीय सेवाओं का लाभ उनके गांव और घर के नजदीक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के तहत "सेवा सेतु अभियान- सरकार आपके द्वार" का आयोजन कुनकुरी विकासखंड के ग्राम पंचायत नारायणपुर स्थित जनपद पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में किया गया। कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए और ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए मौके पर ही आवेदन प्राप्त किए।

शिविर में कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। इससे ग्रामीणों को संबंधित विभागों के कार्यालयों तक जाने की जरूरत नहीं पड़ी और उन्हें शिविर स्थल पर ही योजनाओं तथा सेवाओं का लाभ मिला। शिविर में 11 बजे से ही ग्रामीण पहुंचने लगे थे। अलग-अलग विभागों के लिए लगाए गए स्टॉलों में ग्रामीणों ने अपनी आवश्यकताओं के अनुसार पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ली तथा पात्रता के आधार पर लाभ लेने के लिए आवेदन भी प्रस्तुत किए। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी गई। प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर परीक्षण कर निराकरण किया गया।



लगा मेगा स्वास्थ्य शिविर

शिविर स्थल पर सेवा सेतु अभियान के साथ मेगा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। शिविर में बीपी, शुगर सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई।

जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णु देव साय सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। जनप्रतिनिधियों ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और उनके निराकरण की स्थिति भी देखी। शिविर में ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। **इनकी रही उपस्थिति-** शिविर में जनपद अध्यक्ष सुशीला साय, जनपद उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव, जिला पंचायत सदस्य मलिता, अनिता सिंह, जनपद सदस्य शोभा देवी बंग, जिला भाजपा उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, मो असलम आजाद, जनपद सदस्य संजय बंग, सरपंच मुक्तिलता प्रधान, उप सरपंच नवरतन बंग, सरपंच मेरी गुलाब, सरिता अंगिरा, प्रेरणा भगत, निशा केरकेट्टा सहित जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

